## सार-समाचार

### आवासीय चिंतन शिविर सम्पन्न

**बांसवाड़ा,**(निसं)। भाजपा के प्रदेश भर में चल रहे दो दिवसीय आवासीय चिंतन शिविर का समापन त्रिपुरा सुंदरी मन्दिर सभागार में हुआ। प्रथम सत्र में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अलका मूंदडा ने मोदी सरकार एवं भाजपा शासन की जन कल्याणकारी योजनाएं और उपलब्धियों का आमजन पर प्रभाव एवं चर्चा विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया। द्वितीय सत्र में जिला प्रभारी दिनेश भट्ट ने कार्य पद्धति का विकास और कार्यकर्ताओं की वैचारिक प्रतिबद्धता का विकास, टीम भावना से कार्य विषय पर मार्ग दर्शन प्रदान किया। वहीं तृतीय सत्र अभियान, कार्यक्रम, चुनाव प्रबंधन, मीडिया, सोशल मीडिया आईटी एवं पार्टी के सभी कार्य विभागों द्वारा पार्टी दृढीकरण में महत्व विषय पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया। चतुर्थ सत्र मिशन 2023 के लिये व जिले द्वारा आवश्यक कार्यो का समग्र विचार एवं सुझाव विषय पर मार्गदर्शन पूर्व जिलाध्यक्ष मनोहर पटेल ने प्रदान किया। चिंतन शिविर के दूसरे दिन पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात भी सुनी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह राव, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम पालीवाल, विधायक गढी कैलाश मीणा, विधायक घाटोल हरेंद्र निनामा, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोहर पटेल, जिला उपाध्यक्ष बहादुर सिंह शक्तावत, नरेंद्र वैष्णव, दीपक जोशी, भेमजी भाई पाटीदार, जिला महामंत्री लालसिंह पाटीदार, जिला महामंत्री मुकेश रावत, लालसिंह पाटीदार, बांसवाडा प्रधान बलवीर रावत, तलवाडा प्रधान निर्मला मकवाना, कुशलगढ प्रधान कानहेंग रावत, पूर्व प्रधान राजेश कटारा, खेमराज गरासिया, लक्ष्मण डिंडोर, पूर्व राज्य मंत्री दलीचंद मईडा, कुशलगढ नगर पालिका अध्यक्ष बबलू मईडा, नितेश बैरागी, सोशल मीडिया प्रदेश समन्वयक विवेक रावत, बांसवाडा विधानसभा प्रवासी राजीव चौबीसा, बापूलाल लबाना, दीनदयाल चौहान, अशोक पटेल, जिला मंत्री जिनेन्द्र सेठिया, सरदार पारगी, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष कांतिलाल अहारी, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री कृष्णा कटारा, राजेन्द्र प्रसाद पंचाल, शांतिलाल बुनकर, प्रेमजी पाटीदार, दीपसिंह वसुनिया, परमेश्वर मईडा, संजय पण्ड्या, अनिल पटेल, किरण जोशी, केदारेश्वर पाटीदार, रमेश पाटीदार, भूपेंद्र सिंह चारण, ताजेंग पाटीदार, प्रभुलाल निनामा, राजेन्द्र पटेल आदि मौजूद रहे।

### जमीन हड़पने का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। सायरा थाना पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धोखे से जमीन हड़पने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित सायर निवसी दीपक सोनी पुत्र गणेशलाल सोनी ने आरोपी माझी सा फार्म हाउस सायरा निवासी आशा कुंवर माता मोहन कुंवर व सायरा निवासी किशन सिंह राजपूत पुत्र केसरसिंह राजपूत, सायरा निवासी प्रकाश पुत्र किशनसिंह तथा तत्कालीन हल्का सायरा पटवारी पंकज पालीवाल के खिलाफ मामल दर्ज करवाया कि मैंने वर्ष 2014 में आशा कुंवर से जमीन खरीदी थी। उस दौरान नामान्तरण व म्यूटेशिन खुलवा दिया था। गत दिनों उक्त जमीन की नकल निकलवाने पर पता चला कि दस्तावेजों में जमीन का हिस्सा कम दर्शाया गया। इस संबंध में पड़ताल की लेकिन कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया।

### हर्ष कलाल हत्याः तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के फलसिया थाना पुलिस ने युवक की हत्या करने के मामले में तीसरे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रकरण के अनुसार 17 नवंबर 2021 को पीड़ित आमलिया निवासी कलुलाल ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मेरे पुत्र हर्ष कलाल को पार्टी पर बुला कर उसकी अज्ञात बदमाशों ने हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने अनुसंधान कर संजय परमार साथी पुष्कर व दिनेश को नामजद कर पूर्व में संजय व पुष्कर को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया। इस मामले में अनुसंधान अधिकारी फलासिया थानाधिकारी रामनारायण मय टीम ने फरार आरोपी महुड़ी खेरवाड़ा निवासी दिनेश पुत्र शांतिलाल को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर छाणी रोड़ के जंगल से गिरफ्तार किया।

### कार चोरी का प्रकरण दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। हिरणमगरी थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ कार चुरा ले जाने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता हिरणमगरी सेक्टर4महावीर नगर निवसी मनीषा काबरा पत्नी संदीप काबरा ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 25 नवंबर रात में कार मकान के बाहर खड़ी की थी। जो दूसरे दिन नहीं मिली। इस पर उसकी इधर उधर तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

### छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। घर में घुस महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपी के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने आरोपी बलोलिया झाड़ोल निवासी कमलेश पुत्र कानाजी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया कि 12 अक्टूबर रात में मैं व मेरी नणद दोनों घर पर सोए थे। देर रात में मकान के दरवाजे का कुंदा खोल आरोपी अंदर आया तथा चद्दर उठा कर मेरे साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इस दौरान विरोध करने व चिल्लाने पर आरोपी फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पिछोला के भोपाल घाट पर श्रमदान

**उदयपुर,** (कासं)। झील हितैषी नागरिक मंच के सदस्यों ने आज पिछोला के भोपाल घाट पर श्रमदान कर काफी मात्रा में जलीय घास, शराब व पानी की खाली बोतलें, कूडा, करकट,जलीय घास निकाली, जिसे ले जाकर पशु घाट पर खाली की। मंच के संस्थापक हाजी सरदार मोहम्मद और सतीश मेवाडा ने आज फिर माइक लेकर लोगों को जागरूक किया और उन्हें यह संदेश दिया कि झीलों में गंदगी ना डालें एवं झीलों में गंदगी डालने वालों पर अंकुश लगाएं। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि अभी काफी मात्रा में पर्यटक आ रहे हैं और झीलों को इस तरह से गंदी देखेंगे तो अपने साथ अच्छा संदेश नहीं ले जाएंगे। श्रमदान में हाजी सरदार मोहम्मद सतीश मेवाडा, किशोर, गहलोत, कमलेश पुरोहित वासुदेव एवं बद्रीलाल ने भाग लिया।

### रणदीप सिंह का एयरपोर्ट पर स्वागत

**उदयपुर,** (कासं)। निवर्तमान कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पीसीसी प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने रविवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं मीडिया प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला का डबोक एयरपोर्ट पर माला, पगडी व उपरना पहना कर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में निवर्तमान कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा, संदीप गर्ग, नीरज शर्मा, निजाम खान, उष्मान खान, वसीम खान, भावेश सोलंकी, दिलीप पटेल, अनिल राजपुरोहित एवं कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### केन्द्रीय मंत्री शेखावत उदयपुर आए

**उदयपुर,** (कासं)। जल जीवन एवं संसाधन केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत रविवार को एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने उदयपुर आए। भाजपा बडगांव मंडल द्वारा पंचायत समिति बडगांव में जल जीवन मिशन के तहत लागू की गई 8 करोड़ की विभिन्न योजनाओं को लेकर केंद्रीय मंत्री का गुलदस्ता भेंटकर आभार जताया। इस अवसर पर शहर जिला महामंत्री गजपाल सिंह राठौड़, बडगांव मंडल अध्यक्ष भूपाल सिंह राणा, बडगांव प्रधान श्रीमती प्रतिभा नागदा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष योगेश पालीवाल, एसटी शहर जिला उपाध्यक्ष शंभू गमेती, जितेंद्र नागदा, प्रेम डांगी, सोनू शर्मा, हीरालाल डांगी आदि मौजूद रहे।

### 361वें रविवार को भी धरना जारी

**बांसवाड़ा,**(निसं) राजस्थान शिड्यूल एरिया संघर्ष समिति की ओर से प्रत्येक रविवार को दिया जाने वाला धरना प्रदर्शन 361वे रविवार को भी प्रदेशाध्यक्ष कमलकिशोर पारगी के मुख्य आतिथ्य व जिलाध्यक्ष गुलाबसिंह भगोरा की अध्यक्षता में जारी रहा। संघर्ष समिति पदाधिकारियों ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 244(1) व पांचवी अनुसूची के विशेषाधिकारों को अनुसूचित क्षेत्र में पूर्ण रुप से लागू करने की मांग करते हुए अनुसूचित क्षेत्र में निवासरत एसटी, एससी, ओबीसी व सामान्य वर्ग को नौकरी, पदोन्नति में जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण की व्यवस्था लागू करने की मांग की। धरना प्रदर्शन करने वालों में रजनीश, उत्कर्ष, बापूलाल आदि प्रमुख रहे।

### सेन प्रदेश सचिव मनोनीत

**बांसवाड़ा,**(निसं)। समता साहित्य अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कान्ति लाल यादव ने घाटोल तहसील के डूंगरिया गांव के पूर्व सरपंच रमेश चंद्र सेन को प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। सेन ने 1995 में सरपंच के पद पर रहते हुए साक्षरता मिशन में सराहनीय कार्य किया। वे सुखाडिया विश्वविद्यालय से एमएसडब्ल्यू करने के बाद सामाजिक संस्था का गठन कर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। सेन का मकसद सामाजिक उत्कृष्ट कार्यों एवं साहित्य को युवा तक, गांव के ढाणी-ढाणी तक पहुंचाना है।

# केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह ने हीरक जयंती पोस्टर का विमोचन किया

## 'अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम में शरीक होकर एकजुट एवं संगठित होने का परिचय देवें'

**उदयपुर,** (कासं)। श्री क्षत्रिय युवक संघ की 75 वी वर्षगांठ 22 दिसम्बर (हीरक जयंती) पर जयपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत एवं राजस्थान विद्यापीठ कुलपति शिव सिंह सारंगदेवोत द्वारा सर्किट हाउस उदयपुर में किया गया केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने समाजजनों से आव्हान किया कि अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम में शरीक हो एकजुटता एवं संगठित होने का परिचय देवें।

विमोचन के दौरान क्षत्रिय युवक संघ के उदयपुर प्रांत मंत्री फतेह सिंह भटवाडा, भारतीय जनता पार्टी देहात जिलाध्यक्ष भंवर सिंह पवार, चंद्रगुप्त सिंह चौहान, महामंत्री गजपाल सिंह राठौड़, करण सिंह सेमारी, कांग्रेस नेता भीम सिंह चुंडावत, नवल सिंह जुड, मनोहर सिंह मेडतिया, विवि पूर्व उपाध्यक्ष रणवीर सिंह जोलावास, एनएसयूआई पूर्व जिलाध्यक्ष जोगेंद्र सिंह मंडपिया, कृष्णपाल सिंह चुंडावत, छत्रपाल सिंह, होटल एसोसिएशन अध्यक्ष सुदर्शन देव सिंह कारोही, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा महामंत्री हेमेंद्र सिंह दवाना, मेवाड क्षत्रिय महासभा शहर अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह करेलिया, प्रकाश सिंह राठौड, दलपत सिंह राठौड, जयमल सिंह राठौड, दिग्विजय सिंह झाला, पुष्पेंद्र सिंह राजावत, प्रद्युमन सिंह गुडा, नारायण सिंह राजावत, जितेंद्र पाल सिंह चुंडावत, उपदेश सिंह चौहान, धीरेंद्र सिंह सिसोदिया, अरविंद सिंह पावटा, छात्रसंघ अध्यक्ष निखिलराज सिंह, करणी सेना शहर जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह, चंद्रराज सिंह बाघेला, दशरथ सिंह राठौड, अशोक सिंह जेतावत, धर्मवीर सिंह चुंडावत, तेजपाल सिंह गोगुंदा, हर्षवर्धन सिंह धमाणा, भवानी सिंह, नरपत सिंह बेमला आदि समाज जन उपस्थित रहे

डिसक्लेमर : **सभी ऋण एचडीएफ़सी लि., के स्व-निर्णय पर हैं. नियम और शर्तों की पूरी जानकारी के लिए www.hdfc.com पर विज़िट करें. CIN: L70100MH1977PLC019916. NETWORK HDFC2844-21 Hin


# महिला की हत्या के पांच आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। महिला की हत्या का दूसरे ही दिन खुलासा करते हुए माण्डवा पुलिस ने मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार 26 नवंबर को पीड़ित हरण माण्डवा गांव निवासी चौपली पुत्री भाणा व उसके भाई वाला पुत्र भाणा ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि हमेशा की तरफ वागदरा खदरा सरहर हर में मै व मेरी भाभी मजु बाई पत्नी काला बकरियां चराकर सांय घर लौट रही थी। जहां बीच रास्ते मिले 4-5 बदमाश बकरिया गैर कर ले जाने लगे, इसको देख भाभी मंजु चिल्ला कर पिछे दौड़ी तो एक आदमी में बंदूर से फायर कर दिया।जिससे भाभी मंजु मौके पर हीं गिर पड़ी। इसको देख दौड़ कर घर लौट कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। इस पर भाई वाला, दबीया पुत्र देवा ने जंगल में जाकर देखा तो भाभी की मौत हो चुकी थी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्तपुलिस अधीक्षका मुख्याल अनन्त कुमार, पुलिस उप अधीक्षक कोटड़ा भुपेन्द्र कुमार के सुपरविजन में माण्डवा थानाधिकारी उतमसिहसिंह , पानरवा थानाधिकारी नाथुसिंह, ओगणा थानाधिकारी प्रभुलाल के नेतृत्व में कोटड़ा थाना इंचार्ज एएसआई कालुलाल , शांतिलाल, सुरजमल, हेडकांस्टेबल कांतिलाल, राजेन्द्रसिह, गेबीलाल, तख्तसिह, कांस्टेबल सीताराम, शंभुलाल, प्रभुराम, अर्जुनराम, राजुराम, रामनिवास, जितेन्द्रसिह, रक्षपाल, सुरेन्द्र कुमार, दिलीप कुमार मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर जूनापादर निवासी मीठीया पुत्र भामा, सायबा पुत्र रेवा, कालीया पुत्र उदा, जुनापादर रोजखुणा माण्डवा निवासी सतारम उर्फ सतीया पुत्र हुरमा, पुनावली निवासी नोकीया पुत्र भेरा,भगाराम पुत्र भीखा व जूनापादर निवासी अजिया उर्फ अज पुत्र रणसा को नामजद कर मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर मीठीया, सायबरा व साथी कालीया, सतराम उर्फ सतीया, भगाराम अनुसंधान में पता चला कि मीठीया, कालीया, सायबा साथी मिल कर हथियार लेकर योजनानुसार जंगल में पशु चेरी करने जाते है। घटना वाली सवरे मिठिया के घर के पीछे इकठ्ठा होकर वारदात करने जंगल की तरफ निकले थे। वारदात करने के दौरान विरोधक करने वाले की हत्या चले जाने की कसम खाई थी। वारदात करने से पूर्व सभी ने साथ में शराब पी। काफी इंतजार के बाद सांय मंगरी पर बकरियां अकेली नजर आई जिनकी घेराबंदी करने पर मंजु व पीड़िता चिल्लाई। मंजू द्वारा एक आरोपी को पहचानने पर मीठिया ने बंदूक से फायर कर दिया। उसके निचे गिरते ही हमलावर व साथी जंगल के रास्ते से फरार हो गए।

## किरण माहेश्वरी की प्रथम पुण्यतिथि कल

**राजसमंद,** (कासं)। दिवंगत पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री व पूर्व विधायक किरण माहेश्वरी की प्रथम पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं उनके प्रशंसकों द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोमवार को पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर राणा राजसिंह नगर में सुंदरकाण्ड का पाठ होगा।

मंगलवार प्रातः 9 बजे द्वारकेश गौशाला में गौ सेवा एवं सेवादारों का सम्मान समारोह होगा। 9:30 बजे भाजपा जिला कार्यालय पर रक्तदान शिविर एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है। प्रातः 10 बजे भाजपा जिला कार्यालय पर ही किरण एक विराट व्यक्तित्व विषय पर संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। रविवार को पुण्यतिथि कार्यक्रमों की तैयारी के संदर्भ में विधायक कार्यालय पर एक बैठक हुई। बैठक में जिला एवं मंडल पदाधिकारियों, वर्तमान एवं पूर्व पार्षदों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने पुण्यतिथि आयोजनों पर विस्तृत चर्चा की और तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

## सार-समाचार

### 'खेल सामरिक विकास का माध्यम है'

**डूंगरपुर,( निसं )।** श्री जैन नवयुवक मण्डल डूंगरपुर के तत्वावधान में आगामी 19 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक प्रारम्भ होने वाली जैन प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर टीमों ने खिलाडियों को ऑक्शन प्रणाली के जरिये सभी आठ टीमो को खिलाडियो का आवंटन किया गया। जिसमे विभिन्न टीमो के फ्रेन्चाईजी, कप्तान व कोच ने बोली के जरिये अपनी टीम के लिए खिलाडियो का चयन किया। इस अवसर पर नवाडेरा मार्ग पर स्थित राज पैलेस होटल के सभागार मे श्री जैन नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष सिद्धार्थ मेहता की अध्यक्षता मे ऑक्शन प्रणाली का आयोजन किया गया। जिसमे पूर्व अध्यक्ष संजय मेहता, सुबोध सरैया, दिलीप जैन, धर्मेंद्र वोरा, भामाशाह सचिन जैन थे। प्रारंभ भगवान महावीर की तस्वीर के सम्मुख अतिथियो ने दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का आगाज किया। कार्यक्रम के आरंभ मे अतिथियो का परिचय एवं जेपीएल की विभिन्न गतिविधियो पर सचिव नरेश जैन ने प्रकाश डाला। इसके पश्चात अध्यक्षीय उद्बोधन मे सिद्धार्थ मेहता ने इस आयोजन के लिए मुख्य प्रायोजक राजमंदिर परिवार टाइगर हिल एवं टी-शर्ट स्पॉन्सर बालूलाल वोरा राजस्थान मेडिकल का आभार जताते हुए उन्होने कहा कि इस तरह के खेलो के आयोजन से सकल जैन समाज के युवाओं की प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिलता है, अपितु सामरिक रूप से सकल जैन समाज एक सूत्र मे भी बंधता है। खेलो के साथ-साथ विभिन्न प्रतिभाओं को भी समाज विभिन्न अवसरो पर सम्मानित कर उनकी हौंसला अफजाई करता है। साथ ही उन्होने जेपीएल के लिए विभिन्न प्रकल्पो के लिए दिए गए विभिन्न संस्थानो द्वारा सहयोग, फ्रेन्चाईजी का भी आभार प्रकट किया। जिससे की यह आयोजन भव्य रूप से पूर्ण हो सके। अध्यक्ष सिद्धार्थ मेहता ने बताया कि 19 से 26 दिसम्बर तक होने वाली जेपीएल प्रतियोगिता के लीग मैचों के बाद फाइनल मुकाबला 26 दिसंबर को होगा। इसके पश्चात प्रारंभ हुई प्रक्रिया मे सचिव नरेश जैन, सुबोध सरैया एवं विराग सेठ के सान्निध्य में खिलाडियों के चयन की प्रक्रिया हुई। इस अवसर पर सभी टीम फ्रेंचाइजी, कप्तान, कोच ने अपनी टीम के लिए खिलाडियों का चयन किया। इस अवसर पर मंचासीन अतिथि समस्त भामाशाह टीम फ्रेंचाइजी खेल सचिव एवं आयोजक कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

### रणसागर पर उपद्रव मचाने के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर,( निसं )।** गत सितम्बर 2020 मे हुए कांकरी डूंगरी प्रकरण के बाद सदर थाना क्षेत्र के रणसागर पर कतिपय उत्पातियो द्वारा रास्ता जाम करने व सरकारी वाहनो को नुकसान पहुंचाकर पुलिस पर पथराव करने के मामले मे एक वर्ष से फरार चल रहे 2 आरोपी को रविवार को गिरफ्तार किया गया।पुलिस सूत्रो के अनुसार 26 सितम्बर 2020 को दोपहर मे रण सागर पर उपद्रवियो को समझाने के दौरान पगारा निवासी जीवा पुत्र बापुलाल मीणा व जीवा पुत्र जालमा मीणा दोनो युवको ने लोगो को उकसाकर रास्ता बंद करा दिया तथा सरकारी वाहन व पुलिसकर्मियो पर पथराव कर नुकसान पहुंचाया था। इस मामले मे जीवा पुत्र जालमा परमार व जीवा पुत्र बापुलाल परमार को रण सागर की पहाडियो पर दबिश देकर गिरफ्तार किया है।

## जिला प्रमुख ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

**राजसमंद,** (कासं)। अखिल भारतीय वैष्णव बैरागी परिषद राजसमन्द के तत्वावधान में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लवाणा के खेल मैदान पर आयोजित वैष्णव समाज की राज्यस्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला प्रमुख रतनीदेवी जाट के मुख्य आतिथ्य में हुआ। वैष्णव युवा परिषद अध्यक्ष मुकेश वैष्णव ने बताया कि वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच में सरदारगढ टीम ने रेलमगरा टीम को पराजित किया। समारोह के विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय वैष्णव बैरागी परिषद् राष्ट्रीय अध्यक्ष आरके वैष्णव मुम्बई, समाजसेवी माधवलाल चौधरी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मोहन कुमावत, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एलआईसी एसोसिएट बीआर वैष्णव, प्रदेश संगठन मंत्री एडवोकेट अशोक वैष्णव, प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश वैष्णव, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष वीणा वैष्णव, जिलाध्यक्ष शिवदास बैरागी युवा जिलाध्यक्ष प्रहलाद वैष्णव, वैष्णव युवा परिषद् अध्यक्ष मुकेश वैष्णव सरदारगढ आदि थे। वैष्णव युवा परिषद् के जिलाध्यक्ष प्रहलादराय वैष्णव, गणेश वैष्णव, गेहरीदास वैष्णव लवाणा, दिलीप वैष्णव आदि ने अतिथियों इकलाई व पगडी पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्ष मुकेश वैष्णव ने बताया कि अन्य रोचक मैच में पांडरु क्लब भीलवाडा टीम ने एसबीएम राजसमन्द को, बजरंग क्लब उदयपुर ने तासोल को, सकरावास ने आरवीएस संथाना उदयपुर को, धारता क्लब उदयपुर ने लवाणा को, सियाणा आमेट ने श्रीनाथ क्लब नाथद्वारा को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

## भारतीय जैन संघटना का राष्ट्रीय अधिवेशन 12 व 13 मार्च को

- उदयपुर में पहली बार होगा जैन समाज का ऐसा अधिवेशन
- देशभर से 3 हजार से अधिक जैन प्रतिनिधि जुटेंगे

**उदयपुर,** (कासं)। भारतीय जैन संघटना (बीजेएस) का राष्ट्रीय अधिवेशन आगामी वर्ष 2022 में 12 व 13 मार्च को उदयपुर में होगा। 37 वर्षों से कार्यरत इस संगठन का उदयपुर में यह पहला अधिवेशन होगा। जिसमें देशभर से तीन हजार से अधिक जैन प्रतिनिधि जुटेंगे। दो दिवसीय अधिवेशन की थीम 'जैनों का विश्वास, देश का विकास', वहीं टेगलाइन 'रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म होगी।

भारतीय जैन संघटना के संस्थापक शांतिलाल मुथा ने बताया कि उन्होने बताया कि विगत 37 वर्षों में बीजेएस पूरे देशभर में सामाजिक, शैक्षणिक एवं प्राकृतिक आपदाओं के क्षेत्र में कार्य करती रही है। समाज की समस्याओं पर शोध पूर्वक योजना बनाकर उनके समाधान की ओर अग्रसर होने के लिए भारतीय जैन संघटना कटिबद्ध है। प्रत्येक दो वर्षों में अधिवेशन आहुत कर संपादित कार्यों की समीक्षा तथा आने वाले दो वर्षों के एक्शन प्लान बनाए जाते है। महाराष्ट्र, कर्नाटक, तामिलनाडू में पिछले अधिवेशन संपादित हुए है।

उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान भारतीय जैन संघटना द्वारा तैयार किया गया रोड मेप अब धीरे-धीरे रंग लाने लगा है। आने वाली तीसरी लहर में रोकथाम के लिए काफी कारगर सिद्ध होगा। कर्नाटक सहित विभिन्न राज्य सरकारों ने संघटना के रोड मेप की सराहना की। कई सरकारों ने एमओयू करके इस रोड मेप को धरातल पर उतारने की कावयद भी शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि बीते दो दिनों से विश्व में तीसरी लहर की आहट सुनाई दे रही है। ऐसे में हमारी ओर से देश में सरकार के सहयोग से 'कोविड फ्री विलेज' प्रोग्राम शुरू करने की कवायद की जा रही है क्योंकि कोविड के दौरान लगी पाबंदियों के चलते ऐसे प्रोग्राम स्थानीय लोग भी कर सकते है ऐसे में हम सरकार के सहयोग से महाविद्यालयों व विद्यालयों में एनएसएस कार्यकर्ताओं के सहयोग से इसकी शुरूआत करेंगे। वृहद स्तर के ऐसे कार्यक्रमों में सरकार का सहयोग जरूरी है। हम राजस्थान की प्रदेश सरकार से भी मिल ऐसे कार्यक्रम में सहयोग की बात करेंगे। बीजेएस के राजस्थान ईकाई के प्रदेशाध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने बताया कि देशभर में स्मार्ट गर्ल प्रशिक्षण, मेट्रोमोनियल मीट, बिजनेस डवलपमेन्ट सेमिनार, अल्पसंख्यक को मिलने वाले लाभ की जानकारी, हैप्पी फैमेली, केरियर कॉउसलिंग, यंग एमबीए आदि जन सेवा के कार्य किए जा रहे है। कोरोना महामारी में पूरे प्रदेश में एक हजार ऑक्सीजन कंस्टेटर, ऑक्सीजन सिलेण्डर, होम आइसोलेटेड पेशेन्ट के लिए कोरोना हेल्प लाइन, जरूरतमंदों को राहत सामग्री का वितरण आदि कार्य भी किया गया। वहीं उदयपुर संभाग में 350 ऑक्सीजन कंस्टे टर की सहायता से अलग-अलग तहसील मुख्यालय पर ऑक्सीजन बैंक की स्थापना, उदयपुर में 37 दिनों तक 21 हजार से अधिक घर-घर टिफीन पहुंचाने का कार्य भी किया गया।

## दिल्ली में होगी कांग्रेस की महंगाई हटाओ रैली

**बांसवाड़ा,**(निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से आगामी 12 दिसंबर को नई दिल्ली स्थित रामलीला ग्राउंड में विशाल महंगाई हटाओ रैली का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। पार्टी प्रवक्ता एडवोकेट इमरान खान पठान ने बताया कि इस रैली में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी व पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी देश को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि महंगाई हटाओ रैली में जिले से पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता भाग लेंगे।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी भींडर, जिला उदयपुर ( राज )**

**( जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति ब्लाक भींडर )**

Email:-bcmo_bhinder@Yahoo.com Phone 02957250502

क्रमांक-ब्लॉक/एबुंलेंस/2021/22/031 दिनांक 25/11/2021

**खुली निविदा सूचना**

श्रीमान विकास अधिकारी पंचायत समिति भींडर, जिला उदयपुर के पत्र क्रमांक-पंसभी/केश/2021-22/233 दिनांक 17.06.21 के तहत इस खंड कार्यालय अधीन ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत जन सामान्य को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु एक रोगी वाहन (एंबुलेंस) क्रय किए जाने की आवश्यकता है। जिस हेतु सर्वसाधारण को सूचित करते हुए निम्नलिखित खुली निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता अधिकृत फर्म/एजेंसी / कंपनी अपने तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव सील बंद में लिफाफे में अलग अलग इस कार्यालय में जमा करा सकते है-

| क्र. सं. | निविदा का विषय | वाहन का प्रकार | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | निविदा प्रपत्र विक्रय की तिथि | निविदा प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि | निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एक रोगी वाहन | मारूति सुजुकी इक्को (समकक्ष) | 500000/- | 10000/- | 400/- | 29.11.21 प्रातः11 बजे से | 06.12.21 सांय 4 बजे तक | 07.12.21 दोपहर 2 बजे |

शर्ते-1.धरोहर राशि बैंकर्स चैक/डीडी जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति-खंड भींडर के नाम से देय होगी। 2. निविदा निहित प्रारूप में स्वीकार की जाएगी जो कि कार्यालय द्वारा निविदा शुल्क प्राप्त होने पर देय होगा। 3. निविदा निर्धारित समय व दिनांक पर उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष कार्यालय द्वारा गठित कमेटी द्वारा खोली जाएगी।4. न्यूनतम दर को चयनित करने हेतु कार्यालय द्वारा गठित कमेटी बाध्य नहीं होगी। 5. निविदा चयन में अंतिम निर्णय अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा जो सभी को मान्य होगा। 6. निविदा में निविदा या निविदा के किसी भाग को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।7. चयनित निविदादाता को कार्यादेश प्राप्त होने के 3 दिवस के अंदर अतिरिक्त धरोहर राशि 3% कार्यालय में जमा करनी होगी।

**खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
**भींडर जिला उदयपुर ( राज )**


## हिंदुस्तान जिंक को इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कंट्रोल सर्किलों में 13 पुरस्कार

- चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर, दरीबा स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स, रामपुरा आगुचा एवं कायड माइंस सहित, पंतनगर मेटल प्लांट की टीमों ने जीते पुरस्कार

**उदयपुर,** (कासं)। हिंदुस्तान जिंक के चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर, दरीबा स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स, रामपुरा आगुचा और कायड माइंस ने इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कंट्रोल सर्किलों में शीर्ष पुरस्कार जीते। क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया द्वारा बैंगलुरू में आयोजित 46वें इंटरनेशनल कन्वेंशन में विभिन्न श्रेणियों में अवार्ड से सम्मानित किया गया। पार एक्सीलेंस एट आईसीक्यूसीसी के लिये दरीबा स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स और पंतनगर मेटल प्लांट से दो-दो टीमों, चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर यूनिट-2 से एक टीम और चंदेरिया सीपीपी से एक टीम, रामपुरा अगुचा और कायड माइंस से एक एक टीम एवं एक्सीलेंस अवार्ड के लिये चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर से तीन, पंतनगर मेटल प्लांट और रामपुरा अगुचा माइंस से एक एक टीम ने क्वालिटी कांसेप्ट फेसिलेटिंग सोशल एवं इकॉनोमिक टर्नअराउण्